P.Y.P.(T.)/ H.R./ D-Setup/ Email- 01 03-08-2024

कार्यालय ज्ञाप

पतंजलि संस्थान की समस्त इकाईयों के समस्त सेवाप्रमुखों, सन्यासीगणों, इकाई प्रमुखों, विभागाध्यक्षों, प्रभारियों तथा कर्मयोगियों को सहर्ष सूच्य है कि संस्था के महामंत्री एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के **जन्मोत्सव** के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति दिनांक **04 अगस्त, 2024** को **''जड़ी-बूटी दिवस समारोह''** का आयोजन निम्न कार्यक्रमानुसार किया जा रहा है, जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं:-

कार्यक्रम

दिनांक : 04.08.2024

प्रथम सत्र

स्थान- योगभवन, पतंजलि योगपीठ-II

1.	योग-ध्यान सत्र	:	प्रातः 04:45 बजे से 07:00 बजे तक
2.	प.पू. योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज द्वारा आशीर्वचन एवं पुस्तकों का विमोचन	:	प्रातः 07:00 बजे से 07:30 बजे तक
3.	• श्रद्धेय आचार्य बालकृष्णजी को शुभकामनाएं ज्ञापित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना • यज्ञ एवं भजन का कार्यक्रम • स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र एवं दन्त चिकित्सा जाँच शिविर	:	प्रातः 07:30 बजे से

द्वितीय सत्र

कार्यक्रम

''तीन दिवसीय पतंजलि सुश्रुतकॉन सम्मेलन''

स्थान- ऑडिटोरियम- पतंजलि विश्वविद्यालय

1.	दीप प्रज्जवलन	:	प्रातः 11:00 बजे
2.	सुश्रुतकॉन सम्मेलन का आरम्भ	:	प्रातः 11:10 बजे से

नोट:

- प्रात: 06:00 बजे से पतंजलि अनुसंधान संस्थान, निकट पतंजलि योगपीठ-II के मुख्य द्वार पर जड़ी-बूटी व अन्य पौधों का नि:शुल्क वितरण आरम्भ होगा।

- पतंजलि योगपीठ-I, पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम् तथा समस्त इकाईयों के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के भोजन की व्यवस्था उनके परिसरों में संचालित कैन्टीन में नि:शुल्क रहेगी। समस्त कैन्टीन संचालक उक्त दिवस हेतु विशेष भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

- कार्यक्रमानुसार परिवहन व्यवस्था श्री नितिन, प्रभारी- परिवहन द्वारा की जायेगी।

- उपरोक्त कार्यक्रम के निर्विघ्न संचालन से सम्बन्धित समस्त महानुभाव अपने-अपने विभागों की व्यवस्थायें सुव्यवस्थित करना सुनिश्चित करें।

- पतंजलि संस्थान की समस्त इकाईयों में संचालित सेवायें यथावत रहेंगी। कार्यक्रम के लिए किसी तरह का अवकाश आदि स्वीकृत नहीं है।

(बिग्रेडियर टी.सी. मल्होत्रा से.नि.)
मुख्य महाप्रबन्धक (ट्रस्ट)

प्रतिलिपि:- मानक वितरण प्रणाली के अनुसार